हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 जून 226

04 बच्चे पुराने भवन में पढ़ेंगे, फर्नीचर, कैमरे और पानी ...



07 बिना अनुमति बजा रहे डीजे को पुलिस ने जब्त कर...





## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों से सावधान करने एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगों से सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा एडवायजरी जारी की है। संचालक अभियांत्रिकी ने बताया कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते है। ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है। इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है। संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने हितग्राहियों से अपेक्षा की है कि वे अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सएप कॉल/वीडियो कॉल/अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नबंर जिनमें मुख्यतः 07056847570, 07088438459, 0756847570, 9520711020 हो तो उन्हें बिल्कुल भी न उठाये जाए। अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें, उनसे किसी भी प्रकार की सूचना व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। हो सकता है वह आपकी जानकारी अन्य माध्यम से प्राप्त कर आपको परेशान करे। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विभागीय अधिकारी बताकर/विभागीय अधिकारी के नाम से भी आपसे बात करे तो एकदम से उसकी बात पर विश्वास न करें।

### कृषक कार्यशाला और संगोष्ठियों का आयोजन

**सीहोर।** जन कल्याण अभियान के अंतर्गत जिले के किसानों को जैविक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 19 से 21 जून तक प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जारी कार्यक्रम अनुसार 19 जून को सीहोर में, 20 जून को इछावर में तथा 21 जून 2026 को भैरूंदा में कृषक संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर ने संगोष्ठियों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के किसान कृषि विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर सकें और उन्हें खेती-किसानी से जुड़ी नवीनतम जानकारी प्राप्त हो सके। संगोष्ठियों में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण तथा कृषि में नवाचारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों की समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा।

### बेलगाम रेत माफिया, गुस्साए ग्रामीणों ने घेरा, बिना रॉयल्टी और बिना नंबर के दौड़ रहे 70-80 ट्रैक्टर-ट्रॉली

# ग्रामीण रास्तों को बनाया 'सेफ जोन', मासूमों की जान दांव पर, हादसे के बाद सड़क पर उतरे रफीगंज-लोदड़ी के ग्रामीण

रोके गए अवैध रैत से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों के ड्राइवरों के पास न लाइसेंस है, न रेत की रॉयल्टी, बोले- मालिक के कहने पर गांव से निकालते हैं गाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरूंदा



भैरुंदा क्षेत्र में रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें न तो कानून का खौफ रह गया है और न ही प्रशासनिक कार्रवाई का कोई डर। सरकारी राजस्व को खुलेआम चूना लगाते हुए बिना रॉयल्टी के अवैध रेत का काला कारोबार धड़ल्ले से जारी है। माइनिंग और पुलिस विभाग की आंख मिचौली से बचने के लिए इन माफियाओं ने अब एक नया पैंतरा ढूंढ निकाला है। कार्रवाई से बचने के लिए ये रेत माफिया मुख्य हाईवे मार्गों को छोड़कर सीधे ग्रामीण रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे गांव के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इसी बात से नाराज होकर भैरुंदा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम रफीगंज-लोदड़ी के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव के बीच से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोक लिया और सडक़ पर ही चक्काजाम जैसी स्थिति बन गई।

बता दें ग्रामीणों का यह सख्त कदम हाल ही में लोदड़ी गांव में हुए हादसे के बाद आया है। कुछ दिनों पहले एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सडक़ किनारे बनी एक दुकान में सीधे जा घुसी थी। घटना के समय दुकान के अंदर एक छोटी बच्ची मौजूद थी। यह तो गनीमत रही ग्रामीणों ने ऐन वक्त पर सूझबूझ दिखाते हुए बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ी अनहोनी और जनहानि टल गई। इस हादसे के बाद से ही गांव के लोग बेहद डरे हुए और आक्रोशित थे। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन इस संकरे रास्ते पर बच्चे इन तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आने से बाल-बाल बच रहे हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभालने का फैसला किया।

#### नंबर प्लेट है नहीं, समझाने पर दादागीरी दिखाते हैं चालक

ग्राम लोदड़ी निवासी बबलू यादव ने बताया कि गांव के लोग कई बार इन ट्रैक्टर चालकों को समझा चुके हैं कि यह गांव का संकरा रास्ता है, यहां से गाडिय़ां न निकाला करो। गांव के चौकीदार ने भी कई बार इन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन ये चालक किसी की नहीं सुनते और बेहद तेज रफ्तार में गाडिय़ां दौड़ाते हैं। कुछ दिन पहले भी एक बच्चा कुचलने से बाल-बाल बचा था। बबलू यादव ने बताया कि मौके पर जितने भी ट्रैक्टर पकड़े गए हैं, उनमें से अधिकांश पर नंबर प्लेट तक नहीं है। चालकों के पास न तो कोई वैध दस्तावेज हैं और न ही भारी वाहन चलाने का कोई लाइसेंस। इसके बावजूद बिना किसी रोक-टोक के अवैध रेत का परिवहन सीना तानकर किया जा रहा है।

#### ड्राइवर बोला, हमारे पास रॉयल्टी नहीं

ग्रामीणों द्वारा घेरे गए ट्रैक्टरों में से एक चालक वीर सिंह ने कैमरे और जनता के सामने सरेआम जो सच कबूला, वह चौंकाने वाला है। चालक वीर सिंह ने स्वीकार किया कि उसके पास रेत परिवहन की कोई रॉयल्टी नहीं है। जब उससे पूछा गया कि वह गांव के अंदर से गाड़ी क्यों ला रहा है तो उसने कहा कि गांव का रास्ता सीधा और छोटा पड़ता है, इसलिए वे इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ड्राइवर ने यह भी माना कि उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है और वह सिर्फ अपने मालिक के निर्देशों का पालन कर रहा है, मालिक ने ही उसे इस रास्ते से जाने को कहा है।

#### पल-पल लोकेशन की रहती है जानकारी

ग्रामीणों के अनुसार इस अवैध कारोबार के पीछे एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इन ट्रैक्टर चालकों और माफियाओं को प्रशासन, पुलिस या माइनिंग विभाग की हर मूवमेंट और लोकेशन की जानकारी लगातार मोबाइल ग्रुप के जरिए मिलती रहती है। जैसे ही इन्हें पता चलता है कि मुख्य मार्ग पर चेकिंग चल रही है ये तुरंत अपनी गाडिय़ों का रुख ग्रामीण रास्तों की तरफ मोड़ देते हैं।

#### माइनिंग और परिवहन विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

इस पूरी घटना ने माइनिंग विभाग, परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना नंबर, बिना रॉयल्टी और बिना लाइसेंस के ये भारी-भरकम वाहन खुलेआम सडक़ों और थानों के क्षेत्र से कैसे गुजर रहे हैं। ग्रामीणों ने तुरंत डायल-100 को बुलाकर पकड़े गए वाहनों को पुलिस के हवाले करने की मांग की। ग्रामीणों की मांग है कि गांव के अंदर से रेत का यह अवैध परिवहन पूरी तरह और हमेशा के लिए बंद किया जाए। यदि रेत का धंधा करना है तो वैध रॉयल्टी कटवाएं और मुख्य सडक़ मार्ग का उपयोग करें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने तुरंत सख्त कदम नहीं उठाए तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

#### टीम पहुंचने से पहले ही भाग निकले

मौके पर राजस्व विभाग की टीम पहुंचने से पहले ही सभी टैक्टर ट्राली वाहन चालक भाग निकले थे, आगे भी सूचना मिलने पर टैक्टर ट्राली पकड़े की कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।

**रामदास गोरले,** नायब तहसीलदार

## ठाकुर राजपूत समाज ने उत्साह से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ठाकुर राजपूत समाज धर्मश्यता एवं श्री राम मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में जिला राजपूत समाज सीहोर द्वारा 17 जून 2026 को महाराणा प्रताप जयंती के पावन पर्व पर वाहन रैली कुँवर चैनसिंह की छतरी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टेण्ड गीतामानस भवन पर समापन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविन्दसिंह सिसौदिया ने की तथा मुख्य अतिथि राजा साहब पूर्व मुख्य मंत्री एवं राज्य सभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह थे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की फोटो पर दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत साफा बांधकर एवं श्रीफल से किया गया। ट्रस्ट के महामंत्री ठा. रामसिंह चौहान द्वारा सुरक्षा की प्रतीक तलवार भेंटकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रमुख वक्ताओं में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं सरपंच गोपालसिंह चावड़ा ने महाराणा प्रताप के जीवन पर विस्तार से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर उनको आत्मसात करने के लिये कहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष गोविन्द सिंह सिसौदिया ने श्री राम मंदिर ट्रस्ट की गतिविधि और वर्तमान व्यवस्था पर विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दिग्विजय सिंह ने अपने भाषण में महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने सभी समाज को सम्मान देते हुए, सभी को साथ लेकर आदिवासियों को सेना में शामिल कर युद्ध लड़ा। उन्होने कभी सामाजिक भेद भाव नहीं किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ठा. रामसिंह चौहान ने किया तथा अंत में आभार युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम सफल बनाने तथा शामिल होने वाले किशोर सिंह सिसोदया, अमर सिंह चावड़ा, प्रेमनारायण सिंह परमार, प्रहलाद सिंह राठौड़, गोकल सिंह राजपूत, अर्जुन राठौड़ विक्रम सिंह सिसोदिया, शंभूसिंह सोलंकी, डी0 एस.एस.तोमर, बलराज सिंह सिसोदिया, ईश्वर सिंह चौहान, प्रेमसिंह सिसोदिया, गुलाबसिह सिंह बमूलिया खीची, बलराम सिंह कायरी, देवसिंह मुआड़ा, वीरेन्द्र सिंह मगरदी, रतन सिंह चाँदबड़ जागीर, मोहन सिंह लसुडिय़ खास, जितेन्द्रसिह लसुडिय़ा परिहार, महेन्द्र सिंह ढाबला, इन्दर सिंह पीपलनेर, राजेन्द्र सिंह बमूलिमा खीची, अक्षयराज सिंह चौहान, प्रद्युम्नसिंह सिसोदिया, सुरेन्द्र सिंह सिसोदिया, अजीत सिंह सिंदल आदि प्रमुख है।

## कांग्रेस की समन्वय समिति ने लिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




गुरुवार को कृष्ण सेलिब्रेशन गार्डन, चाणक्यपुरी, सीहोर पर सीहोर जिला कांग्रेस की समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के शहर प्रभारी संजय दत्त के मुख्य अतिथि में और जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विशेष अतिथि के तौर पर जिले की प्रभारी जय हरि किरण, दिनेश मेघानी, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, एआईसीसी सचिव हरपल ठाकुर उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने मुख्य अतिथि को जिले में चल रही समितियों ब्लाक एवं वार्ड समितियों के गठन के लिये चल रही गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी समन्वय समिति की बैठक मे दी। विशेष अतिथि संजय दत्त ने उपस्थित सभी ब्लाक अध्यक्षों से परिचय प्राप्त कर उनके ब्लाकों में चल रही गतिविधियों के बारे में जनकारी ली एवं उनको निर्देशित किया जल्द से जल्द कमेटियों का गठन कर लें। उन्होने ने आगे कहा कि समन्वय समिति प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के लिये सेतु का काम करती है। हम सब संगठित होकर ही कोई भी चुनाव जीत सकते हैं। जिस तरह राहुल गांधी जी आज पुरे भारत में विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं को पुरजोर तरिके से उठा रहे हैं। साथ ही उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन में अनुशासन का होना बहुत जरुरी है। अगर कोई अनुसाशन हीनता करता है, तो उस पर कार्यवाही की जायेगी। जय श्री हरि किरण ने संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर चर्चा की। बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, बेरोजगारी, महंगाई, परीक्षा-पत्र लीक जैसे मुद्दों पर जनआंदोलन चलाने तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर दिया। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी माह में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें।

### सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं के प्रभावी संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति बैठक आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित गर्भ समापन सेवाएं उपलब्ध कराने तथा एमटीपी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं निगरानी संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया की बैठक में सुरक्षित गर्भ समापन सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक दवाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही एमएपीपी एवं एपीआरवी की ऑनलाइन एवं भौतिक उपलब्धता की समीक्षा की गई तथा सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने दिशा-निर्देश दिए गए।

## रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान व गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी आर्यावर्त षट्दर्शन साधु मंडल भारत सनातन सेना के तत्वावधान में 15 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ एक प्रयास संस्था, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति और सनातन सेना के संयुक्त तत्वाधान में शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में किया जा रहा है। गुरुवार को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया एवं सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया, आगामी दिनों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, धूमावती जयंती, महेश नवमी, गायत्री जयंती, भीमसेनी ग्यारस, संत कबीर जयंती के अलावा गुरु हरगोविंद जयंती के साथ एक जुलाई को डाक्टर्स एवं सीए दिवस के साथ समापन किया जाएगा।

केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, आयुष गुप्ता, कमलेश राय आदि ने सनातन सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत माधव दास, प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी सरदार, प्रदेश सचिव पवन केवट आदि का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर सनातन सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी सरदार ने कहाकि हमें गर्व है कि हम सनातनी है। रानी लक्ष्मी बाई, गुरु अर्जुन देव और अनगिनत अन्य महान आत्माओं के सर्वोच्च बलिदान और त्याग की नींव पर ही हमारे देश की सुरक्षा और स्वतंत्रता टिकी हुई है। उन्होंने कहाकि रानी लक्ष्मी बाई 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय दिया और खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी के संकल्प के साथ देश के लिए लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवें गुरु, मुगल शासक जहांगीर के अत्याचारों के आगे झुकने से इनकार कर दिया और धर्म व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। आयोजित कार्यक्रम में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जुन देव की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई भारतीय इतिहास की वीरांगना थीं, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका साहस, शौर्य और देशभक्ति प्रेरणा का स्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया।

### ढावला केलवाड़ी पहुंचे पूर्व सीएम का ग्रामीणों ने किया स्वागत

# किसानों को मिले उपज का उचित मूल्य: दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहाकि भाजपा सरकार वर्तमान शासन में आम नागरिक और किसान दोनों ही परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कृषि संबंधी समस्याओं ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने कहाकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खाद, बीज, डीजल और अन्य कृषि संसाधनों की कीमतों में वृद्धि से किसान आर्थिक दबाव में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम ढाबलाकेलवाड़ी में जगीरदार महेन्द्र सिंह दरबार राउले के यहां कांग्रेसजनों, ग्रामीण और किसानों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने दरबार के परिजनों से भेंट के अलावा ग्रामीणों से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती, पवन राठौर, बृजेश पटेल, बाबूलाल पटेल, देवेन्द्र ठाकुर, आशीष गहलोत, ईश्वर सिंह ठाकुर, मनोज पटेल, घनश्याम पटेल, लखन लाल जागीदार, घनश्याम त्यागी आदि शामिल थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता भी महंगाई से त्रस्त है। रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बेरोजगारी को भी गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रहेगी। उन्होंने सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने और राहतकारी कदम उठाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर**। राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड से दिव्यांग केन्द्र, राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

### टीबी को खत्म करने जागरूकता जरूरी

**सीहोर**। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। टीबी रोग किन कारणों से होता है और इनसे कैसे बचाव करें? यह जानकारी लोगों तक पहुंचना जरूरी है। टीबी रोग के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता रहेगी, तो पंचायत स्वतः टीबी रोग मुक्त हो जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी का समय पर पता चल जाये और इसका पूरा उपचार हो जाए तो, यह पूरी तरह से रोकथाम और उपचार योग्य रोग है। टीबी को छुपाएं नहीं और न कोई भी व्यक्ति इसे बताने में संकोच न करे। सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीबी की वैक्सीन लगायी जा रही है। टीबी मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार- प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने किया आयोजन

**सीहोर**। भारतीय डाक विभाग की सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए भारत सरकार की ओर से डाक विभाग में विभिन्न योजनाएं संचालित है। ये सुविधाएं देशभर में स्थित 1.57 लाख डाकघरों के नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जाती है। इसी तारतम्य में डाक विभाग द्वारा चलायी जा रही अल्प बचत / अन्य योजनाएं जैसे बचत बैंक आवर्ती खाता पीपीएफ खाता सुकन्या समृद्धि खाता, सीनीयर सिटीजन खाता, मासिक आय खाता, टाईम डिपॉजिट खाता, राष्ट्रीय बचत पत्र एवं किसान विकास पत्र इत्यादि खोले जा रहे है। साथ ही बीमा क्षेत्र मे डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा व दुर्घटना बीमा आदि भी सुविधा प्रदाय की जा रही है। उक्त डाकघर की योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु 18 जून को सीहोर स्थित गीता भवन मे महामेला का आयोजन किया गया, जिसमे गौरव श्रीवास्तव पोस्टमास्टर जनरल इंदौर क्षेत्र मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित हुई।

### 37 करोड़ का स्कूल भवन बनकर तैयार, लेकिन 300 मीटर सड़क अटकी

# बच्चे पुराने भवन में पढ़ेंगे, फर्नीचर, कैमरे और पानी के लिए नहीं लगे वाटर कूलर

नए भवन में अभी तक फर्नीचर नहीं पहुंचा है। कक्षाओं में बैठने की व्यवस्था तक नहीं की गई, सुरक्षा के लिए कैमरे नहीं लगाए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर में 37 करोड़ रुपए की लागत से बना शासकीय नवीन सांदीपनि विद्यालय भवन तैयार होने के बावजूद अब तक उपयोग में नहीं आ सका है। हालात यह हैं कि नए सत्र में भी सैकड़ों छात्र-छात्राओं को पुराने भवन में ही पढ़ाई करनी पड़ेगी। करोड़ों खर्च करने के बाद भी बुनियादी सुविधाएं और करीब 300 मीटर की अधूरी एप्रोच रोड ने पूरे प्रोजेक्ट पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नए भवन में अभी तक फर्नीचर नहीं पहुंचा है। कक्षाओं में बैठने की व्यवस्था तक नहीं की गई, सुरक्षा के लिए CCTV कैमरे नहीं लगाए गए हैं और पीने के पानी का भी कोई ठोस इंतजाम नहीं है। गर्मी के मौसम में बच्चों के लिए वॉटर कूलर तक नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में इतने बड़े भवन में स्कूल शुरू करना फिलहाल संभव नहीं दिख रहा।

#### भवन बना, लेकिन रास्ता नहीं

सबसे बड़ी समस्या भवन तक पहुंचने की है। स्कूल तक जाने वाली करीब 300 मीटर लंबी सड़क अधूरी पड़ी है। बिना सड़क के छात्रों और शिक्षकों के लिए रोज आना-जाना मुश्किल होगा। बरसात में स्थिति और खराब हो सकती है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब रास्ता ही नहीं है तो भवन का उपयोग कैसे होगा।

#### डीपीआर में ही नहीं था सड़क मार्ग, नहीं बनी निर्माण कार्य अधूरा

जानकारी के अनुसार, भवन निर्माण की डीपीआर में एप्रोच रोड का प्रावधान ही शामिल नहीं किया गया था। यही बड़ी चूक अब सामने आ रही है। भवन बन गया, लेकिन सड़क निर्माण का जिम्मा तय नहीं होने से काम अटका हुआ है। स्थानीय स्तर पर भी यह स्पष्ट नहीं है कि सड़क नगर परिषद



बनाएगी या पीडब्ल्यूडी विभाग।

#### निरीक्षण के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

बीते जनवरी माह में एसडीएम सुधीर कुशवाह, सीएमओ रामप्रसाद भावरे, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय और नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भवन का निरीक्षण किया था। उस समय सड़क निर्माण की जरूरत को लेकर चर्चा भी हुई थी, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी काम शुरू नहीं हो सका। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

#### शिक्षक भी नहीं, आदेश भी लंबित

नए भवन में पढ़ाई शुरू करने के लिए अतिरिक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की जरूरत होगी, लेकिन अभी तक उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई है। शिक्षा विभाग की ओर से भी स्कूल संचालन को लेकर कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुआ है।

#### प्राचार्य बोले, स्कूल में सभी तरह की सुविधाएं पूरी होंगी तभी शुरू होगा स्कूल

विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया का कहना है कि भवन पूरी तरह तैयार है, लेकिन जरूरी व्यवस्थाएं अधूरी हैं। फर्नीचर,



CCTV, पानी और अन्य सुविधाएं पूरी होने के बाद ही यहां कक्षाएं शुरू की जाएंगी। विभाग से निर्देश मिलने के बाद ही संचालन संभव होगा।

#### पीडब्ल्यूडी ने कहा, सड़क का बजट नहीं

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का कहना है कि 300 मीटर एप्रोच रोड के लिए अभी तक किसी भी तरह की स्वीकृति नहीं मिली है। जैसे ही बजट स्वीकृत होगा, निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। फ़िलहाल उनके विभाग का कार्य नहीं है, स्थानीय लोगों का कहना है कि जनता के टैक्स के करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी भवन उपयोग में नहीं आ रहा है। अगर बच्चे पुराने भवन में पढ़ने को मजबूर हैं तो यह सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही है।

## किसान स्वराज संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**मूंग खरीदी सहित कई मांगें उठाईं**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए जल्द समाधान की मांग की।ज्ञापन में किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा मूंग खरीदी का केवल 25 प्रतिशत लक्ष्य तय किया गया है, जो किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और उन्हें आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।किसानों ने उर्वरकों की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने डीएपी, यूरिया सहित सभी प्रकार के खाद की सभी केंद्रों पर पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। किसानों का कहना है कि वर्तमान में खाद की कमी के चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में गिरदावरी में देरी का मुद्दा भी सामने आया। किसानों ने कहा कि देरी के कारण कई किसान मूंग पंजीयन से वंचित रह गए हैं। ऐसे में पंजीयन पोर्टल को तत्काल शुरू कर सभी पात्र किसानों को शामिल किया जाए।इसके अलावा जिन किसानों के पास निजी भूमि नहीं है, उन्हें ई-टोकन के माध्यम से खाद नहीं मिल पा रही है। ऐसे किसानों के लिए नगद विक्रय केंद्र शुरू करने की मांग भी की गई। साथ ही निजी खाद विक्रय केंद्र संचालकों की बैठक बुलाकर उनकी समस्याओं के समाधान और वितरण व्यवस्था के स्पष्ट नियम बनाने की मांग रखी गई।बिजली समस्या को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी विद्युत फीडरों की क्षमता दोगुनी करने और रबी सीजन में दिन के समय पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।किसान स्वराज संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।इस दौरान किसान स्वराज संगठन के जिला अध्यक्ष भगवान यदुवंशी आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने हरनावदा में किया रात्रि विश्राम सुंदरकांड पाठ व वैदिक यज्ञ में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वास,विकास व गरीब कल्याण के सफलमत 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा मंडलो के दौरे के दौरान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भाजपा डोडी मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर के साथ डोडी मंडल के ग्राम पगारिया राम, भेरूपुर, बरखेड़ा, कांकरिया खेड़ा, डोडी, भाऊखेड़ा, गुंजारी, कल्याणपुर, कुरावर, मुरावर, हरनावदा पहुचे। रात्रि में ग्राम हरनावदा में सुंदरकांड पाठ के आयोजन में शामिल हुए एवं पार्टी के निर्देशानुसार रात्रि में ग्राम हरनावदा में अजापसिंह सरपंच के निवास पर रात्रि विश्राम किया । दौरे के दौरान सभी ग्रामो में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर ग्राम के नागरिको से संवाद किया एवं हरनावदा में निर्माणधीन अस्पताल भवन एवं आयुष्मान आरोग्य केंद्र का निरीक्षण किया,सेंधव समाज की धर्मशाला में वैदिक यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुआ एवं आहुति दी एवं स्कूल में पोधारोपण किया। दौरे के दौरान विभिन्न गाँवों में निवासरत वरिष्ठजन मानसिंह पटेल, अनार सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, हरीसिंह डाक्टर, जगन्नाथ सिंह पड़ियार,रतन सिंह पटेल का स्वागत सम्मान किया वही ग्राम के पटेल विजय सिंह,जगन्नाथ सिंह पडियार के निवास जाकर उनका स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं सम्मान किया। ग्रामीण दौरे के दौरान ग्रामो में पहुचने पर ग्रामीणजनों,भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की भव्य अगवानी कर स्वागत,सम्मान किया। डोडी मंडल के ग्रामीण क्षेत्र के दौरे में मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर, अजाप सिंह सरपंच, डॉ हरिसिंह, महेंद्र सिंह गऊखेड़ी, पटेल अनार सिंह, पटेल मदन सिंह, सरपंच बहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह,मंडल महामंत्री हरेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश कुमार पवार, महेंद्र सिंह ठाकुर,लखन जमलिया, निखिल सिंह ठाकुर, कृपाराम मितवाल, उमठ,सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सरपंच, एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कृतज्ञता सबसे कठिन गुण, गुरु भक्ति से बनता जीवन महानः आचार्य विभव सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बुधवार 17 जून को प्रातः इंदौर नाका स्थित अरिहंतपुरम से आचार्य श्री विभव सागर महाराज ससंघ का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर समाजजनों ने आचार्य श्री सहित छह मुनिराज एवं तीन आर्यिकाओं की भव्य अगवानी कर धर्मलाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली,जो इंदौर नाका से प्रारंभ होकर अरिहंतपुरम स्थित चंद्रप्रभ जिनालय से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पहुंची। किला मंदिर में भगवान आदिनाथ की प्राचीन एवं चमत्कारिक प्रतिमा एवं पार्श्वनाथ भगवान सहित अन्य भगवान की प्रतिमाओं के दर्शन के पश्चात आचार्य श्री ने धर्मसभा को संबोधित किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री विभव सागर महाराज ने कहा कि शास्त्रों में साधु-संतों द्वारा चातुर्मास स्थापना का विशेष महत्व बताया गया है। लोग दीक्षा और चारित्र को कठिन मानते हैं, जबकि वास्तव में सबसे कठिन गुण कृतज्ञता है। कृतज्ञ व्यक्ति बनना अत्यंत दुर्लभ है। उन्होंने चंद्रगुप्त मुनिराज और आचार्य भद्रबाहु का उदाहरण देते हुए कहा कि गुरु के प्रति समर्पण और सेवा ही व्यक्ति को इतिहास में अमर बनाती है। बारह हजार साधुओं में केवल चंद्रगुप्त अपने गुरु के साथ अंत तक रहे। उनका जीवन गुरु भक्ति, सेवा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेंद्र गंगवाल ने बताया कि आचार्य श्री विभव सागर महाराज ने आशीष वचन में कहा कि साधु का कर्तव्य निरंतर पुरुषार्थ करना है। जो व्यक्ति दृढ़ता के साथ चारित्र का पालन करता है, उसका साथ भले ही संसार न दे, लेकिन देवता भी उसके सहयोगी बन जाते हैं। आपने कहा कि गुरुचरणों में समर्पित रहने वाले का नाम ही इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है।उन्होंने कहा कि आष्टा व्रतियों और धर्म साधना की नगरी है। आदिनाथ भगवान के 84 गणधर थे और आष्टा में भी बड़ी संख्या में 84 व्रती धर्म आराधना कर रहे हैं। गुरु के प्रति समर्पित व्यक्ति ही वास्तविक अर्थों में व्रती बन सकता है। आचार्य श्री ने कहा कि संलेखना केवल जीवन के अंतिम समय में ली जाने वाली प्रक्रिया नहीं है, बल्कि दूसरे व्रत से ही उसका प्रारंभ हो जाता है। अपनी कषायों, राग-द्वेष और विकारों को कम करना ही वास्तविक संलेखना है। उन्होंने बताया कि समाधि भक्ति पर उनके द्वारा 653 छंदों की रचना की गई है।

उन्होंने कहा कि विचार ही भावनाओं का स्वरूप हैं, इसलिए मनुष्य को सदैव श्रेष्ठ और सकारात्मक भावनाएं रखनी चाहिए। संसार में अनंत बार जन्म और मरण का चक्र चलता है, लेकिन सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि श्रद्धालु सम्मेद शिखर इसलिए जाते हैं क्योंकि वह मोक्षभूमि है। वहां अनेक तीर्थंकरों और महान आत्माओं ने निर्वाण प्राप्त किया है। इसलिए सम्मेद शिखर का कण-कण वंदनीय और पूजनीय है। जो जीवों को संसार सागर से तारता है, वही तीर्थ कहलाता है। उन्होंने कहा कि साधुओं के चरण और उनका आचरण ही उनकी वास्तविक महिमा है।

### नियमित टीकाकरण के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**सीहोर**। विश्व स्वास्थ्य संगठन के शेखावत सिंह द्वारा सीहोर में नियमित टीकाकरण, आगामी कार्ययोजना, एचपीडी, शहरी स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण, एईएफआई प्रबंधन, व्हीपीडी सर्विलेंस, खसरा एवं रूबेला उन्मूलन सहित अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की उपलब्धियों एवं चुनौतियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान टीकाकरण कवरेज बढ़ाने, छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के दौरान GAVI HSS 3.0 के अंतर्गत जिले में किए जा रहे नवाचारों एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई।



### मप्र शिक्षक संघ जिला इकाई ने टीईटी के विरोध में दिया ज्ञापन

## सेवा अधिकारों व भविष्य पर प्रभाव पड़ने की जताई आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गुरूवार को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीहोर के द्वारा कार्यालय कलेक्टर सीहोर को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट संबंधी अधिसूचना तथा उसके संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 29 मई 2026 को दिए गए निर्णय से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा अधिकारों एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। भारतीय विधिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था का यह स्थापित सिद्धांत है कि कोई भी नियम अधिसूचना अथवा नीति समानता उसके प्रवर्तन की तिथि से प्रभावित होती है।

पूर्व में विधिवत संपन्न नियुक्तियों का अर्जित सेवा अधिकारों पर बाद में निर्धारित पात्रता महान डंडों को लागू करना, प्राकृतिक न्याय समानता तथा विधिक निश्चित के सिद्धांत के अनुरूप नहीं माना जाता। 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा डेट को न्यूनतम अर्हता के रूप में अधिसूचित किया गया है। इससे पूर्व देश के विभिन्न राज्यों में लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां उसे समय लागू नियमों योग्यता मानदंडों एवं चयन प्रक्रिया के अनुसार विधिवत रूप से की जा चुकी थी। इन शिक्षकों ने वर्षों से राष्ट्रीय निर्माण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सामाजिक चेतना एवं चरित्र निर्माण के क्षेत्र महत्वपूर्ण योगदान दिया है संगठन का मानना है कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्तियां उसे समय प्रभावी नियमों एवं पत्रताओं के अनुरूप पूर्णता वेद थी बाद में निर्धारित पात्रता तथा योग्यता मां डंडों को पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्याय उचित प्रतीत नहीं होता। दशकों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अनुभव कार्य कुशलता एवं योगदान को समुचित महत्व दिया जाना चाहिए। लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों के भविष्य को अनिश्चित में डालना शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता एवं शिक्षकों के मनोबल दोनों को प्रभावित करेगा सांसद एवं केंद्र सरकार आवश्यक विधायक अथवा नीतिगत हस्तक्षेप पर किस वर्ग को उचित संरक्षण प्रदान कर सकती हैं। खाता महासंघ भारत सरकार से मांग करता है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के संबंध में विशेष प्रावधान करते हुए उनके सेवा अधिकारों वरिष्ठ पदोन्नति तथा अन्य वैधानिक लबों की रक्षा हेतु आवश्यक विधायक नीतिगत अथवा प्रशासनिक कदम शीघ्र ही उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय सचिव अनिल सिंह मुक्तावत, जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला सचिव जितेंद्र सिंह राठौर, जिला कषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, महेश मालवीय, रामफूल ससत्या, पवन त्यागी, राकेश केलोडदिया, चंद्रपाल सिंह राजपूत, विजय चौधरी, भैरों सिंह शाक्य, संतोष शर्मा, लोकेश उपाध्याय, विष्णु मेवाड़ा, लखन महेश्वरी, वीपी चंद्रवंशी, जितेंद्र बड़ोदिया आदि ज्ञापन देते समय उपस्थित रहे।

## सुनीता सोनी बनी इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इनर व्हील क्लब एक अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य जरूर मंद लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करना है । कल शीतल स्वीट्स पर इनर व्हील क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत इनर व्हील प्रार्थना से की गई। इसके पश्चात क्लब की पूर्व अध्यक्ष संगीता सोनी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा पूर्व अध्यक्ष संगीता सोनी ने क्लब की कॉलर सुनीता सोनी को पहना कर नया अध्यक्ष मनोनीत किया। क्लब की नई अध्यक्ष सुनीता सोनी ने अपनी टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर क्लब उपाध्यक्ष दीपिका सोनी, क्लब सचिव मंदाकिनी कासलीवाल, क्लब कोषाध्यक्ष सीमा बैरागी, रीना शर्मा, एडिटर अर्चना सोनी, आशा सोनी, सुनीता नागर, प्रतिभा नागर, डॉ चंद्रा जैन, दीप्ति सोनी, गीता सोलंकी, हेमलता सोनी, विद्या खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा नागर ने किया तथा आभार क्लब सेक्रेटरी मंदाकिनी ने व्यक्त किया।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील इछावर जिला सीहोर**

प्रकरण कमांक 0177/अ-6/2026-27
इछावर दिनांक 15/06/2026

::इश्तेहार::

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदकगण ओमप्रकाश आ० सूरजमल एवं अन्य जाति सुतार निवासी एवं कृषक ग्राम जमोनियाहटेसिंह द्वारा ग्राम द्वारा ग्राम जमोनियाहटेसिंह स्थित भूमि सर्वे नं. 182, 184 किता 02 रकबा 2.144 हे0, सर्वे नं. 131/11 किता 01 रकबा 0.720 हे0, सर्वे नं. 173, 175/1, 260 किता 03 रकबा 1.732 हे०, सर्वे नं. 258/9 रकबा 0.081 हे0 एवं ग्राम भाऊखेडी स्थित भूमि सर्वे नं. 324/1/2/2, 327 किता 02 रकबा 7.835 हे० भूमि घीसीलाल आ० रामचरण जाति सुतार के नाम दर्ज है। घीसीलाल आ० रामचरण जाति सुतार का दिनांक 07.12.2024 को स्वर्गवास हो गया। भूमि स्वामी द्वारा पंजीकृत वसीयत क्रमांक MP35272020A3710562 दिनांक 29.10.2020 को गवाहों के समक्ष की गई थी जिसके आधार पर नामांतरण कराये जाने हेतु आवेदन पेश किया हैं। जिसके संबंध में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के बटवारे के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह प्रकरण दिनांक 30.06.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसील इछावर
तहसीलदार तहसील इछावर

### डीजे बजाने के विरोध में हिंदू समाज ने थाने का घेराव कर दिया धरना, आश्वासन पर किया समाप्त

# बिना अनुमति बजा रहे डीजे को पुलिस ने जब्त कर आयोजकों के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर में मंगलवार देर रात्रि मुस्लिम समाज अंजुमन कमेटी द्वारा मुस्लिम पर्व पर अलम का जुलूस निकाला गया। आरोप है कि जुलूस के दौरान बिना प्रशासनिक अनुमति के लगभग सात डीजे संचालित किए गए तथा उन पर तेज ध्वनि में धार्मिक गीत बजाए गए। मामले को लेकर देर रात्रि को हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में हिंदू समाज के लोगों ने पुलिस थाना सारंगपुर का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन थाना परिसर पहुंचे और बिना अनुमति डीजे संचालन तथा ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए संबंधित आयोजकों एवं डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन सभी समुदायों के कार्यक्रमों में समान रूप से होना चाहिए तथा बिना अनुमति किसी भी प्रकार के आयोजन पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। स्थिति को देखते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी मौके पर पहुंचे, और अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर उनकी बात सुनी तथा मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसके बाद गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन डीजे जब्त किए तथा जुलूस संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बिना अनुमति डीजे संचालन एवं संबंधित नियमों के उल्लंघन के मामले में आयोजकों तथा डीजे संचालकों के खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज की गई तथा प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस दौरान थाना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मामले को लेकर नगर में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान अशोक साहू,महेश पाटीदार,वैभव पुष्पद,चिराग सोनी,कुलदीप टेटवाल,गगन सोनी,महेश प्रजापति सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

**की जाए कार्रवाई...**

शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि जुलूस में डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद लगभग सात डीजे संचालित किए गए। प्रशासन को जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।'

ध्रुव भल्ला, अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति सारंगपुर।

प्रशासन द्वारा डीजे पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी आयोजकों ने जुलूस में तेज आवाज में डीजे बजाया। प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से प्रशासन का भय बना रहेगा।

-ओम पुष्पद, अध्यक्ष महादेव मित्र मंडल सारंगपुर।

पुलिस द्वारा तीन डीजे जब्त किए गए हैं तथा जुलूस आयोजकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

-राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी सारंगपुर।

## 35 लाख की लागत से बस स्टैंड डामरीकरण कार्य का मंत्री टेटवाल ने लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा बस स्टैंड परिसर में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से किए गए डामरीकरण कार्य का लोकार्पण मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बस स्टैंड परिसर लंबे समय से जर्जर सड़क, धूल और वर्षा के दौरान कीचड़ की समस्या से प्रभावित था, जिससे यात्रियों और व्यापारियों को परेशानी होती थी। डामरीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद परिसर में आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित हो गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्य क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देगा। सांसद रोडमल नागर ने इसे नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति बताते हुए केंद्र और राज्य सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, वरिष्ठ नेता निर्मल जैन, महेश पुष्पद, पार्षदगण, बस स्टैंड व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रकाश परमार तथा हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।अंत में आभार नपा सीएमओ दीपक रानवे ने माना नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका का आभार व्यक्त किया।

## नगर परिषद में बड़ा फेरबदल, सीएमओ सहित चार कर्मचारियों का स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर




नगर परिषद में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल चर्चा का विषय बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद से कर्मचारी अरविंद मिश्रा, गोपाल सक्सेना, श्रीराम चंद्रवंशी और रवि दला का स्थानांतरण किया गया है। वहीं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का भी स्थानांतरण प्रभावी हो गया है। स्थानांतरण आदेशों के बाद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके दायित्वों से भारमुक्त करते हुए कार्यमुक्त कर दिया गया है। सभी को अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष और सीएमओ के बीच हुए विवाद ने नगर की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। ऐसे में अब हुए स्थानांतरणों को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कई लोग इन तबादलों को हालिया घटनाक्रम से जोड़कर देख रहे हैं, हालांकि प्रशासनिक स्तर पर इन्हें शासन की नियमित प्रक्रिया का हिस्सा बताया जा रहा है।

नगर परिषद में हुए इस व्यापक फेरबदल के बाद अब सभी की नजरें नए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदस्थापना और परिषद की आगामी कार्यप्रणाली पर टिकी हुई हैं। प्रशासनिक बदलावों का नगर के विकास कार्यों और जनसुविधाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा।

## प्रदीप शर्मा 'सीलखेड़ा महाराज' बने कांग्रेस धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ के राजगढ़ जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन विस्तार करते हुए ब्यावरा क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी और सीलखेड़ा महाराज' के नाम से लोकप्रिय प्रदीप शर्मा को 'म.प्र. कांग्रेस धर्म एवं मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ' का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार और राजगढ़ जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची की अनुशंसा एवं संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले की सहमति से, प्रदेश अध्यक्ष ऋचा गोस्वामी द्वारा की गई है।

प्रदीप शर्मा अपनी सरल छवि, मिलनसार व्यक्तित्व और युवाओं के बीच अपनी गहरी पैठ के लिए जाने जाते हैं। परतली क्षेत्र सहित पूरे जिले में सामाजिक सक्रियता के कारण वे सभी वर्गों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है और उम्मीद जताई जा रही है कि वे मंदिर पुजारियों और आम जन के बीच सेवा भाव से कार्य करेंगे और उनकी समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।

अपनी नई जिम्मेदारी पर प्रदीप शर्मा ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उनका एकमात्र संकल्प धर्म के संरक्षण और पुजारियों और आम जन के हितों की रक्षा करना है। वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## राज्य स्तरीय समारोह में सुरेश चौहान को मिला 'सेन गौरव सम्मान-26'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



सेन समाज परिवार एवं श्री दुर्गा प्रसाद स्मृति न्यास, विदिशा द्वारा रविंद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह ''आप हैं प्रतिभावान'' में सारंगपुर के समाजसेवी सुरेश चौहान को ''सेन गौरव सम्मान-26'' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सेन भक्ति पीठ, जोधपुर के पीठाधीश्वर पूज्य श्री श्री 1008 सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरी जी महाराज तथा विशेष अतिथि केश कला कौशल विकास बोर्ड हरियाणा के अध्यक्ष यशपाल सिंह ठाकुर थे। समारोह में 10वीं एवं 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले करीब 150 विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट, नई दिल्ली के सदस्य सुरेश चौहान ने मालवा की परंपरा अनुसार स्वामी अचलानंद गिरी जी महाराज का शॉल एवं मालवी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण कमलेश सेन ने दिया, संचालन पूजा सेन एवं आभार प्रदर्शन ओ.पी. सेन ने किया।

## कुकिंग कॉम्पिटीशन में रसोइयों ने दिखाया हुनर

### स्वसहायता समूहों में कार्यरत रसोइयों ने सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



बुधवार को पीएम पोषण शक्ति योजना अंतर्गत जनपद स्तर पर आयोजित कुक-कम-हेल्पर के कुकिंग कॉम्पीटीशन में स्वसहायता समूहों में कार्यरत रसोइयों द्वारा सहभागिता की गई। जिसमें सभी के द्वारा मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन तैयार कर कार्यक्रम में अवलोकनकर्ताओं को चयन हेतु भोजन प्रस्तुत किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि एवं चयन समिति द्वारा भोजन का स्वाद चखा गया तत्पश्चात प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त रसोइयों को मंच पर जिलाधीशएवं जनप्रतिनिधि द्वारा पुरूस्कार राशि का प्रतिकात्मक चैक एवं प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। प्रतियोगिता में 34 महिला रसोईयों द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, बीआरसी कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र यादव एवं बीआरसीसी महेश साहू द्वारा सभी को प्रोत्साहित किया गया।

### 230 मामलों का मौके पर ही समाधान किया

**विदिशा।** नटेरन जनपद पंचायत एवं शमशाबाद निकाय के संयुक्त मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर के तीसरे दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनपद पंचायत सभागार परिसर में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। शिविर में कुल 380 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 230 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को समय-सीमा में निपटारे हेतु भेजा गया। एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल पूरे समय मौजूद रहे और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान मिलने हितग्राहियों में खुशी देखी गई।

## लसूडली धाकड़-पीपलखेड़ा मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



खुजनेर थाना अंतर्गत लसूडली धाकड़ और पीपलखेड़ा के बीच बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही खुजनेर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में कमल पिता बिरम सिंह वर्मा (30 वर्ष) निवासी लसूडली धाकड़ की मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक पर सवार गफ्फार पिता सुमरती खां (58 वर्ष), कनीजा पति गफ्फार (55 वर्ष) एवं रुखसार पिता शफीक खां (18 वर्ष), निवासी ग्राम चाटूखेड़ा घायल हो गए घायलों को तत्काल उपचार के लिए खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां घायलों का उनका इलाज जारी है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में कुक कम हेल्परों की कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न, प्रेरणा समूह को प्रथम पुरस्कार

# 'ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों को बेहतर पोषण युक्त भोजन मिलेगा'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में 'प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना' के तहत ब्लॉक स्तरीय 'कुक कम हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य 'मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाना और कुक कम हेल्परों को पोषक व्यंजनों के लिए प्रोत्साहित करना' रहा। स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनाने वाले समूहों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 'मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह' रहे। 'विशेष अतिथि' के रूप में 'डॉ. रामचरण किरार, तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, जनपद सीईओ रणजीत सिंह रघुवंशी, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेंद्र शर्मा, रामप्रसाद वर्मा, देवकीनंदन जमींदार, जगदीश प्रसाद वर्मा' उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत '13 स्व सहायता समूहों के 30 रसोइयों' ने भाग लिया। विजेता समूहों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों को बेहतर पोषण युक्त भोजन मिलेगा।

### प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

'प्रतियोगिता परिणाम: 'प्रथम पुरस्कार:' प्रेरणा स्व सहायता समूह, उत्कृष्ट विद्यालय जीरापुर-द्वितीय पुरस्कार- सरस्वती स्व सहायता समूह प्राथमिक विद्यालय आवास कॉलोनी तथा मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह, नगर माध्यमिक विद्यालय - 'तृतीय पुरस्कार:' मां फलोदी स्व सहायता समूह, प्राथमिक विद्यालय दांगीपुराय ज्योति महिला स्व सहायता समूह, सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , गुप्तनाथ स्व सहायता समूह कन्या हाई स्कूल माचलपुर रहें। शेष समूहों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पुरस्कार चयन पर नाराजगी

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कुकिंग प्रतियोगिता में 'जजमेंट के लिए शिक्षिका एवं महिला बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर को नियुक्त' किया गया था। उनके द्वारा समूहों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए मार्किंग की गई। लेकिन 'एक ही विद्यालय की दो शिक्षिकाओं को जजमेंट पैनल में नियुक्त' करने पर सवाल उठे। जिस विद्यालय को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, उसी विद्यालय की शिक्षिकाओं को निर्णायक मंडल में शामिल होने से 'निष्पक्षता पर सवालिया निशान' लगे हैं। प्रतिभागी समूहों के एक संचालक ने पारदर्शिता को लेकर भारी नाराजगी जताई। खुल्लम खुल्ला आरोप लगाया कि निर्णायक ने सही निर्णय नहीं दिया। आखिर सवाल उठना स्वाभाविक है क्योंकि जिस विधालय ने भाग लिया वहीं से निर्णायक होना गलत है। पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सुठालिया में तीसरी बार सीएमओ बने 'वीरेंद्र चक्रवर्ती'

**सुठालिया।** मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के पालन में वीरेंद्र कुमार चक्रवर्ती ने नगर परिषद सुठालिया में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पदभार ग्रहण किया है। यह तीसरी बार है जब श्री चक्रवर्ती को सुठालिया नगर परिषद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले चक्रवर्ती सुठालिया नगर परिषद में सीएमओ के रूप में कार्य कर चुके हैं। उनके पूर्व कार्यकाल में शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता में नगर को नंबर वन लाने में भी उनका विशेष योगदान रहा था। सीएमओ का पदभार ग्रहण करने के बाद नगर के सोशल मीडिया न्यूज पर नगरवासियों ने चक्रवर्ती को जमकर बधाई दी। नगर परिषद में उनके अनुभव और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में नगर को विकास को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम त्योहार कमेटी अध्यक्ष का किया स्वागत

**सीहोर।** कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कस्बा पहुंचकर मोहर्रम त्यौहार कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष आजम लाला का फूल माला पहनाकर स्वागत और सम्मान किया तथा हिंदू मुस्लिम एकता की एक अनूठी मिसाल पेश की। इस मौके पर पंकज शर्मा ने कहा कि हमारा देश अनेकता में एकता का प्रतीक है और यहां कई धर्मों को मानने वाले लोग सौहार्द और भाईचारे के साथ निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के इसी भाईचारे और एकता के संदेश को मजबूत करने वो यहां मुस्लिम भाईयों के बीच पहुंचे हैं। इन्होंने कहा कि मोहर्रम त्यौहार कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष आजम लाला शहर के सभी वर्गों के लोगों के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं, इसीलिए आज वो उनका स्वागत करने यहां पहुंचे हैं। पंकज शर्मा ने आजम लाला को सर्वसम्मति से इस महत्वपूर्ण और भव्य आयोजन का अध्यक्ष बनाने के लिए पूरे मुस्लिम समाज का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया तथा भरोसा जताया कि इस बार उनके नेतृत्व में मोहर्रम का विशाल और ऐतिहासिक जुलूस शहर में देखने को मिलेगा। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के कई वरिष्ठजन और युवा साथी उपस्थित रहे।

### 21 को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सीहोर।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को जिले में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में सुबह 6:00 बजे आयोजित होगा। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीहोर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में जिला मुख्यालय, विकासखंड मुख्यालय, पंचायत स्तर तथा जिले की शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में स्वैच्छिक सामूहिक योग का आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, महाविद्यालय, पॉलीटेक्निक, आईटीआई, बीएड-डीएड संस्थान, योग संस्थाएं, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस कर्मी, शासकीय सेवक, स्वयंसेवी संगठन, औद्योगिक संगठन सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक सहभागिता करेंगे।

### जिले की शिक्षा व्यवस्था को लेकर हरिभूमि की खबरों का असर हुआ

# प्रभारी डीईओ संजय सिंह तोमर हटाए गए, भेजा देवास, सहायक संचालक कीर का भी तबादला

हरिभूमि द्वारा लगातार उठाई जा रही शिक्षा विभाग की खामियों और प्रभारी राज के कारण चौपट हुई पढ़ाई की आवाज, शासन ने जारी किए आदेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


पूरे प्रदेश में सिर्फ दमोह में योग्य डीईओ, सीहोर सहित 54 जिले प्रभारियों के भरोसे, सीहोर में डीपीसी पद भी प्रभारी के भरोसे

प्रभारी डीईओ-डीपीसी के भरोसे चौपट हुई सीहोर में पढ़ाई व्यवस्था, 10वीं के नतीजों में निजी अव्वल

खबर का असर

जिले के शिक्षा विभाग में मचे घमासान और 'प्रभारी राज' के चलते बेपटरी हुई शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर 'हरिभूमि' समाचार पत्र द्वारा लगातार प्रमुखता से उठाए जा रहे मुद्दों का एक बार फिर बड़ा असर देखने को मिला है। मप्र शासन के स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय (वल्लभ भवन भोपाल) ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सीहोर के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को हटा दिया है। जारी आदेश के तहत उन्हें उनके मूल पद (प्राचार्य) पर वापस भेजते हुए सीहोर से देवास स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके साथ ही सीहोर की सहायक संचालक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर का तबादला भी शाजापुर जिला मुख्यालय कर दिया गया है। बता दें कि 'हरिभूमि' लगातार जिले के शिक्षा विभाग से जुड़ी खामियों और इसके कारण बच्चों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ मुहिम चला रहा है। अखबार ने 27 मई के अंक में 'प्रभारी डीईओ-डीपीसी के भरोसे चौपट हुई सीहोर में पढ़ाई व्यवस्था, 10वीं के नतीजों में निजी अव्वल' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इस समाचार में साफ बताया गया था कि किस तरह मोटी तनख्वाह और सरकारी लैपटॉप, साइकिल, निःशुल्क ड्रेस जैसी तमाम सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद सरकारी स्कूल निजी स्कूलों के आगे फिसड्डी साबित हुए हैं। प्रशासनिक लापरवाही और जमीनी मॉनिटरिंग के पूरी तरह गायब होने के कारण बोर्ड परीक्षाओं में सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा।

#### दोनों महत्वपूर्ण पदों पर प्रभारी

'हरिभूमि' ने अपने इस अंक में इस चौंकाने वाला खुलासा किया था, जिसमें बताया था कि मध्य प्रदेश के कुल 55 जिलों में से केवल दमोह ही एकमात्र ऐसा जिला है, जहां नियमों के तहत स्थाई और योग्य जिला शिक्षा अधिकारी पदस्थ हैं, जबकि सीहोर सहित शेष 54 जिलों में व्यवस्थाएं प्रभारियों के 'राम भरोसे' चल रही थीं। सीहोर में भी डीईओ और डीपीसी जैसे दोनों अत्यंत महत्वपूर्ण पदों पर प्रभारियों का खेल चल रहा था। फिलहाल सीहोर से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर का तबादला कर दिया गया है।

#### उप सचिव ने जारी किए आदेश

इस व्यवस्था को ध्यान में लेते हुए स्कूल शिक्षा विभाग की उप सचिव मंजूषा विक्रांत राय द्वारा आदेश क्रमांक 1093 जारी किया गया। आदेश के तहत संजय सिंह तोमर (प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर) को तत्काल प्रभाव से हटाकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमावि चिमनाबाई जिला देवास में मूल प्राचार्य के पद पर अस्थाई रूप से पदस्थ किया गया है। इसी तरह दीपा कीर सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीहोर को सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी शाजापुर स्थानांतरित कर दिया गया है। जबकि सावन पाटीदार सहायक संचालक को देवास से सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर किया गया है

#### बाबू शिक्षकों को भी भेजने की कवायद शुरू

इस कार्रवाई के साथ ही शिक्षा विभाग में एक और बड़ा सुधार देखने को मिल रहा है। 'हरिभूमि' की मुहिम के बाद जिले के जो शिक्षक अपनी मूल शाला में पढ़ाई छोडक़र लंबे समय से बाबू बनकर दफ्तरों में कुर्सियों पर जमे थे, उन्हें वापस अपनी मूल शालाओं में भेजने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। वर्तमान में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों द्वारा शासन के इस आदेश पर सख्ती से अमल कराया जा रहा है, ताकि आने वाले नए सत्र में सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर सुधारा जा सके।

# जल वितरण कर सुभाष भावसार को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भीषण गर्मी के बीच जावर नगर में जल संकट जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी। नगर परिषद ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए नए नलकूप लगवाए, खराब मोटरों की मरम्मत करवाई तथा जल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए इसी क्रम में, नगर परिषद जावर के प्रयासों को सहयोग प्रदान करते हुए स्वर्गीय वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष भावसार के नाम पर सेवा कार्य कर रहा संगठन टीम सुभाष-आदर्श जावर भी नगर में निशुल्क जल वितरण कर लोगों की समस्याओं के समाधान एवं जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में योगदान दे रहा है। टीम ने घर-घर पानी पहुंचाकर लोगों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाई। वार्ड 4 के फकीर मोहल्ले से लेकर वार्ड 1, वार्ड 2, वार्ड 6 की घुमक्कड़ बस्तियों, राम मंदिर क्षेत्र सहित कई स्थानों पर निशुल्क जल वितरण किया। जावर के प्रबुद्धजनों, क्षेत्र की जनता तथा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान व पार्षदों ने इस पुनीत कार्य की सराहना की। साथ ही, नगर परिषद जावर द्वारा जल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर लोगों की सहायता करने के लिए टीम सुभाष-आदर्श जावर का आभार व्यक्त किया। संस्था के प्रमुख, स्वर्गीय समाजसेवी सुभाष भावसार के सुपुत्र प्रतीक सुभाष भावसार ने बताया कि लोगों के दुख-दर्द में साथ खड़ा होना, मुसीबत में उनकी सहायता करना तथा कमजोरों की मजबूत आवाज बनना उन्होंने अपने स्वर्गीय पिताजी से सीखा है। उन्होंने कहा कि आदर्श जावर के उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरा संगठन पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है प्रतीक भावसार ने कहा, जावर नगर की सेवा के लिए हमारी टीम हमेशा प्रथम पंक्ति में खड़ी मिलेगी। टीम यह सेवा अभियान न केवल जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचा रहा है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का एक उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है।

# जनकल्याण अभियान के तहत लगे शिविर 36 हजार 33 आवेदनों का निराकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून से 21 जून तक प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे जनकल्याण अभियान के तहत सीहोर जिले में भी नागरिकों को शासन की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ने और उनके द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशन में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए। 12 जून से 17 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविरों में जिलेभर से कुल 36 हजार 56 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 36 हजार 33 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। केवल 23 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण भी शीघ्र किया जा रहा है। शिविरों में जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। 17 जून तक ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक सीहोर में 7899 आवेदनों में से 7887, भैरूंदा में 5230 में से 5229, आष्टा में 4637 में से 4637, इछावर में 4542 में से 4542 तथा बुधनी में 4293 में से 4283 आवेदनों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका सीहोर के 2809, नगर पालिका आष्टा के 1915, नगर परिषद बुधनी के 1019, इछावर के 771, रेहटी के 635, भैरूंदा के 627, कोठरी के 601, जावर के 577 तथा शाहगंज के 501 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनकल्याण शिविरों में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर बालागुरु के. ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याण अभियान शासन और आमजन के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय का सशक्त माध्यम बन रहा है, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

# हमारे नगर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शीघ्र ही होगी प्रतिमा स्थापित: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मेवाड़ा राजपूत समाज द्वारा शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती भोपाल नाका स्थित महाराणा प्रताप चौराहा पर अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में समाज जनों और अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उपस्थित जनसमुदाय ने महाराणा प्रताप के जयकारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। आगामी वर्ष में स्थापित होगी भव्य प्रतिमा - इस अवसर पर मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने महाराणा प्रताप जी के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके स्वाभिमान और वीरता की गाथाएं आज भी युवाओं में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाती हैं। यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि आगामी वर्षों में इस भोपाल नाका स्थित महाराणा प्रताप चौराहे पर अगली जयंती हम सभी समाज जन और नगरवासी मिलकर भव्य प्रतिमा की मौजूदगी में और अधिक धूमधाम के साथ वीर शिरोमणी की जयंती मनाएंगे मनाएंगे। उस अवसर पर समाज अध्यक्ष शिवनारायण पटेल, सजनसिंह मेवाड़ा, अरविन्द जताखेड़ा, रमेश राजपूत, शैलेन्द्र मूंदिखेड़ी, बंटी मंडलोई, नरेश डोडिया, विमल मेवाड़ा, सुनील राजपूत, हरीश राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, प्रवीण राजपूत, अजय राजपूत, वैभव मेवाड़ा सहित आदि मौजूद थे।

# चर्च मैदान पर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सीहोर चिल्ड्रन ने डीएसवाईडब्ल्यू को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वर्गीय कैलाश सारंग के स्मृति में दूसरे वर्ष भी जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के 12 वे दिन दिन लीग मैच आयोजित किया जा रहे हैं आज दो मैच खेले गए पहला मैच जूनियर वर्ग में सीहोर चिल्ड्रन विरुद्ध डीएसवाईडब्लू के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर चिल्ड्रन 1-0 से विजय रही सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से अथर्व ने एक गोल किया सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब विरुद्ध सीहोर बाइज के मध्य खेला गया जिसमें यह मैच 1-1 गोल की बराबरी पर रहा सीहोर क्लब की तरफ से पुष्प ने एक गोल किया सीहोर बाइज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया। प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मैच खेले जाएंगे इसमें पहले में जूनियर वर्ग में सीहोर क्लब विरुद्ध सीहोर बाइज के मध्य खेला जाएगा सीनियर वर्ग में आर एस आई विरुद्ध डीएसवाईडब्लू के मध्य खेला जाएगा इस संबंध में एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च मैदान में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं फुटबॉल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से निशुल्क फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बालक एवं युवा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को फुटबॉल के मूलभूत नियम, फिटनेस, बॉल कंट्रोल, पासिंग, ड्रिब्लिंग, शूटिंग एवं टीम भावना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। खिलाड़ियों को खेल के तकनीकी पहलुओं के साथ अनुशासन और खेल भावना का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### पर्याप्त नमी हो तब किसान करें बुवाई

**सीहोर।** मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी सप्ताह में मानसून 'आने की संभावना है। मानसून आने के पश्चात 3 से 4 बार, 100 मिमी बारिश होने पर बुवाई पर्याप्त नमी में करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार उन्नत उत्पादन तकनीक अपने जलवायु क्षेत्र के लिए अनुकूल सोयाबीन की किस्मों का चयन करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार अंकुरण परीक्षण के माध्यम से सोयाबीन की बोवनी हेतु उपलब्ध बीज का 70 प्रतिशत अंकुरण सुनिश्चित होने पर बुवाई करें।

### दुर्घटनाओं से बचने किया आगाह

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम जनता तथा हाथ ठेले पर सामान बेचने वालों को आगाह किया है कि वे अपने हाथ ठेले तथा फुटकर सामान की दुकानें हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपना सामान बेचने के लिए रखें। कईं जगह चाय की गुमठियां भी विद्युत लाइनों के समीप तथा ट्रांसफार्मरों से सटाकर चलाई जा रही है, जिनके कारण करंट लगने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील में कहा है कि विद्युत लाइनों/ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें।

# वार्ड 16 में सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन, लोगों को मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका परिषद आष्टा द्वारा शहर के चौतरफा विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नगर के वार्ड क्रमांक 16 में स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सीसी रोड निर्माण कार्य का भव्य भूमिपूजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद रवि शर्मा की उपस्थिति में किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि नगरपालिका परिषद आष्टा नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा नगर में विकास और निर्माण कार्यों का यह सिलसिला थमने वाला नहीं है। हमारा मुख्य उद्देश्य आष्टा के नागरिकों को बेहतर आवागमन स्वच्छ वातावरण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। वार्ड क्रमांक 16 में इस सीसी रोड के बनने से स्थानीय लोगों को कीचड़ और उबड़-खाबड़ रास्तों से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। श्री मेवाड़ा ने उपस्थित ठेकेदार और सब इंजीनियर को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाए। कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि वार्ड वासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लंबे समय से इस मार्ग के पक्कीकरण की आस लगाए बैठे वार्ड क्रमांक 16 के नागरिकों ने भूमिपूजन होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। स्थानीय निवासियों ने नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा और नगरपालिका परिषद का आभार जताते हुए फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, तेजसिंह राठौर, तारा कटारिया, अरशद अली, संतोष शर्मा, रवि ठाकुर, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, योगेन्द्रसिंह ठाकुर, बसंत पाठक, कुलदीप शर्मा, लखन डूमाने सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद थे।

### संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में नशा मुक्त भारत सप्ताह का शुभारंभ

# 26 जून तक चलेंगे जनजागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के परिपालन में जिले में नशा मुक्त भारत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह विशेष अभियान 26 जून तक चलेगा। बुधवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे। अभियान का शुभारंभ उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग महेश कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

यह आयोजन मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस, 26 जून के अवसर पर किया जा रहा है। इस अवसर पर आई एम अगेंस्ट टोबैको संस्था के प्रमुख प्रदीप छाबड़ा, अनुज शिवहरे, सचिन गोस्वामी, विजय लक्ष्मी, श्रीमती दीपाली सोलंकी, श्रीमती प्रीति मौर्य, मुकेश राय, सावन गांगले, नीरज यादव एवं प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति से समाज एवं युवा पीढ़ी को बचाने के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सप्ताहभर चलने वाले प्रमुख कार्यक्रम में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशा मुक्ति पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं, जनजागरूकता रैलियां एवं नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम एवं ई-शपथ अभियान, युवाओं के लिए परामर्श सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित होगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। नशा मुक्त भारत सप्ताह का समापन कार्यक्रम 26 जून को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।